## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–24.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने के लिए भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उलगुलान का किया ऐलान, कहा – संतालों की जमीन, भाषा और अस्तित्व को है खतरा।
2. राजधानी रांची में ईद और रामनवमी को लेकर केंद्रीय शांति समिति की बैठक हुई आयोजित, सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने की अपील।
3. राज्य का मौसम हुआ साफ, तापमान बढ़ने के आसार, 29 मार्च तक रहेगा शुष्क मौसम।
4. सरायकेला में 18वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न, शिक्षा मंत्री ने की तीन जिलों में बॉक्सिंग केंद्र खोलने की घोषणा।
5. कबड्डी विश्व कप में भारतीय पुरुष और महिला टीम ने खिताबी जीत की दर्ज, पुरुष टीम ने इंग्लैंड को 44–41 से और महिला टीम ने 57–34 से हराया।

********************

भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बांग्लादेशी घुसपैठ को संथाल परगना के लिए खतरा बताते हुए इसे रोकने के लिए उलगुलान शुरू करने की बात कही। कल जामताड़ा में उन्होंने संतालों की जमीन, भाषा और अस्तित्व की रक्षा के लिए आंदोलन का ऐलान किया। श्री सोरेन ने कहा कि समाज को जगाकर व्यवस्था में बदलाव लाया जाएगा।

********************

राजधानी रांची में ईद और रामनवमी को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में केंद्रीय शांति समिति की बैठक हुई। समिति सदस्यों ने सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, बिजली–पानी और महिला पुलिस बल की तैनाती को लेकर सुझाव दिए। उपायुक्त ने सभी सुझावों पर अमल का आश्वासन दिया, वहीं डीआईजी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

********************

लातेहार जिले में खनन विभाग ने अवैध उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। डीएमओ के निर्देश पर खनन इंस्पेक्टर पदम लोचन ओद्दार ने एक हाईवा जब्त की और दो ट्रैक्टर पर जुर्माना लगाया।

********************

सरायकेला जिले में भारत सरकार की राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिले में 2 लाख 48 हजार लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

********************

मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स के अंतर्गत कल डब्लूएएम–एनीमे और मांगा प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें शौकिया और पेशेवर दोनों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और प्रतिष्ठित पात्रों को जीवंत किया। इस कार्यक्रम का आयोजन व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल में किया गया। कार्यक्रम में कॉस्प्ले, वेबटून और वॉयस एक्टिंग जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थी।

********************

राज्य में मौसम साफ हो गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में वृद्धि होगी। रांची का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि

न्यूनतम तापमान में भी चार से पांच डिग्री की बढ़ोतरी संभव है। 29 मार्च तक आसमान साफ रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है।

********************

- खूंटी जिला कांग्रेस कमिटी ने कल भगत सिंह चौक पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।
- गोड्डा जिले में ईद, रामनवमी और चौती नवरात्र को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। अधिकारियों ने पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की और डीजे पर पाबंदी समेत सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर निगरानी रखने पर जोर दिया।
- लोहरदगा जिले के कैमो महुआ टोली में बॉक्साइट लदे ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक और खलासी फरार हो गए, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।
- सिमडेगा पुलिस ने ओडिशा से बांग्लादेश ले जा रहे मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में बस की तलाशी के दौरान आरोपी के पास से साढ़े 10 किलो मादक पदार्थ बरामद हुआ जिसे पुलिस ने जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया।

********************

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि झारखंड में बॉक्सिंग को बढ़ावा देने के लिए घाटशिला, सरायकेला और चाईबासा में बॉक्सिंग केंद्र खोले जाएंगे। वे कल सरायकेला जिले में झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के तहत आयोजित 18वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। फाइनल मुकाबले में पहुंचे शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और प्रतियोगिता की सराहना की।

********************

- इंग्लैंड में कल कबड्डी विश्व कप में भारतीय पुरुष और महिला दोनों ही टीमों ने खिताब जीत लिया। भारतीय पुरूष टीम ने फाइनल में मेजबान इंग्लैंड को 44–41 से हराया। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को 57–34 से हराया था।
- आईपीएल–टी–20 क्रिकेट में कल रात चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हरा दिया। 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने रचिन रवींद्र के नाबाद 65 और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के 53 रन की बदौलत 19 ओवर और एक गेंद में जीत हासिल कर ली।

********************

बोकारो जिले के एमजीएम स्कूल में सिटी वूमेंस जूडो लीग का आयोजन किया गया, जिसमें 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खेल मंत्रालय और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तहत आयोजित इस टूर्नामेंट में विजेता खिलाड़ियों को 36 स्वर्ण, 36 रजत और 60 कांस्य पदक प्रदान किए गए। बोकारो जूडो संघ के सचिव राजीव सिंह ने कहा कि यह प्रतियोगिता महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर देने के लिए आयोजित की गई।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जस्टिस यशवंत वर्मा के घर के बाहर जले हुए नोट मिलने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान लिखता है जस्टिस वर्मा के आवास के बाहर जले नोट मिले।

प्रभात खबर ने हाई कोर्ट जज के घर जलते नोटों का वीडियो सुप्रीम कोर्ट द्वारा साझा करने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं दो दिन की बारिश में कहीं सड़क पर गड्ढे, कहीं जल जमाव, गिर रहे बाइक सवार।

रांची एक्सप्रेस ने शहीद सीआरपीएफ एसआई सुनील कुमार मंडल को राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा श्रद्धांजलि देने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने लिखा है आईपीएल 18ः धोनी की टीम ने जीता मैच, रोबिन का पदार्पण ।

*******************